## जेट वर्क कंपनी की मनमानी से लोग परेशान

# खेत-बाड़ी के बीच से डाली पाइप लाइन

*** प्रधानमंत्री सड़क को भी पहुंचाया जा रहा नुकसान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास



आम जनता को पीने और कृषि उपयोग के पानी की सुलभ पहुँच बनाने आदिवासी बाहुल्य जिले में कार्य कर रहीं दर्जनों कंपनी या निर्माण एजेंसी कब किसानों के खेत, बाड़ी, मुख्यमंत्री रोड़ आदि खोद डाले कोई देखने वाला नहीं है, कि आखिर ये किस नियम और किसके आदेश से खड़ी फसलों को रौंदकर पानी की पाइप लाइन डाल रहे हैं, वहीं जल निगम के महाप्रबंधक का कहना है कि एजेंसी के द्वारा सालवेंसी जमा कर दी गई है तब क्या यही किसान के खेत को बर्बाद करने का पैमाना माना जाये, जबकि जिले में पेसा अधिनियम लागू है, इस अधिनियम के तहत कोई भी बाहरी व्यक्ति/निर्माण एजेंसी ग्राम सभा/पंचायत की अनुमति और इनकी सुविधा के विरुद्ध कोई भी कार्य नहीं कर सकती। बीते कुछ महीने से जिले की निवास तहसील के आसपास के गांवों में जल निगम के तहत जेट वर्क कंपनी द्वारा पानी पाइप लाइन डाली जा रही है, जेट वर्क कंपनी के कर्ता-धर्ताओं ने ग्रामीणों की मनाही के बावजूद खेत बाड़ी और ग्रामीण आवागमन के लिए बनाई गई प्रधानमंत्री सड़क की पटरी तक को खोद कर बुरी तरह खराब कर डाला है।

हरि भूमि निवास प्रतिनिधि ने बस्तरी आदि के ग्रामीणों की शिकायत पर जब विभिन्न गांवों का दौरा किया तो देखा कि कंपनी ने जेसीबी की सहायता से रोड की पटरी खोदकर लाइन तो डाल दी पर इसको यथावत करने रोलर आदि चलाना जरूरी नहीं समझा, वहीं खानापूर्ति की जिओ टैगिंग करने हेतु कुछ जगहों/रोड़ पर रोलर चलाते वीडियो फोटो आदि लिये गये हैं जिसे भी ग्रामीणों ने रस्म अदायगी कहा है।



### बीच खेत बाड़ी से डाली गई पाइप लाईन

उक्त कंपनी के जिम्मेदारों ने योजना में खर्च की जाने वाली राशि को हड़पने की जुगत में शॉर्ट टर्न अपनाया और किसानों के खेत/बाड़ी के बीच से जल पाइप दबा दिया, ऐसा इसलिये कि रोड़ किनारे से पाइप डालने में बजट ज्यादा खर्च करना पड़ता, यही कारण है कि इन्होंने यू टर्न की रोड़ के एक सिरे से दूसरे सिरे तक पाइप बिछाने में न किसानों के खेत बाड़ी देखी और न ही लगी (राई) फसल पर ही रहम खाया।

### भविष्य में योजना को संचालित करने वालों को होगी दिक्कत

हाल में कंपनी को तो मालूम है कि कहाँ से पानी पाइप डाले गये हैं, कार्य एजेंसी के एक जिम्मेदार कर्मचारी का कहना है कि इस कार्य का हमारे द्वारा दस वर्ष मेंटिनेंस किया जायेगा, और कार्य का जिओ टैग हो रहा है, लेकिन जब उक्त खेत या बाड़ी में मकान आदि का निर्माण हो जायेगा तब जिम्मेदार एजेंसी या प्रशासन क्या करेगा, और ऐसी स्थिति में मरम्मत आदि कार्य कैसे होगा और क्या तब आदिवासियों के मकान भी ढहा दिये जाएंगे जो बढ़ते परिवार के चलते बनाया जाना निहायत आवश्यक होता है।

### *इनका कहना है:-*

*कार्य में जहां कहीं कमी है मैं नये मैनेजर से दिखवा लेता हूँ।*

*-आलोक तिवारी, (पूर्व मैनेजर)*

# कबड्डी की मैट पर करा दी कुश्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर जनवरी 2025 से नवंबर 2025 तक जनजाति गौरव वर्ष मनाया जा रहा है। निर्धारित कैलेंडर अनुसार माह जनवरी 2025 में पारंपरिक जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता कुश्ती, कबड्डी, आर्चरी एवं गैड़ी दौड़ महिला एवं पुरुष का विकासखंड स्तर से राज्य स्तर तक अलग-अलग आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं किया जाना सुनिश्चित हुआ था। लेकिन खेल आयोजनों में हो रही है खानापूर्ति। जहां एक ओर मध्यप्रदेश शासन जनजातीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करके ओलंपिक तक का सफर तय करने की योजना बना रहा है। वही जनजातीय कार्य विभाग मण्डला द्वारा जनजातीय खेल महोत्सव में कुश्ती की चयन प्रतियोगिता में खुलकर खानापूर्ति की जा रही है विगत दिवस शा. एकलव्य विद्यालय सेमरखापा मण्डला के प्रांगण में आयोजित की गई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये जनजातीय पहलवानों का चयन कबड्डी की मेट पर किया गया, वहीं क्षेत्रीय/संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के चयन में भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। चूंकि यह आयोजन हर जिले स्तर पर किया जाना था तो क्षेत्रीय/संभाग स्तर में मण्डला क्षेत्र में आसपास के जिलों के पहलवानों का आना भी सुनिश्चित था परंतु अभी भी सूचना एवं प्रचार प्रसार के अभाव में हमारे ग्रामीण क्षेत्र के पहलवान एक बड़े आयोजन में अपनी प्रतिभागिता विभाग की कार्यप्रणाली की वजह से नहीं दे पा रहे है। इस आयोजन हेतु जिला कुश्ती संघ अपने प्रयासों से जिले के समस्त व्यायाम शालाओं एवं पहलवानों तक सूचना प्रदान करने का प्रयास किया है ग्रामीण क्षेत्र के पहलवान शारीरिक क्षमता होने के कारण इस खेल में अपना भविष्य देखते हैं वहीं विभाग के द्वारा इस तरह की कार्य प्रणाली से ग्रामीण जनजातीय पहलवान अभी भी आधुनिक कुश्ती से अछूते हैं। खेलों के आयोजनों में खेल संगठनों को दूर रखकर आयोजनों में खाना पूर्ति करना जिले की पहचान बन चुकी है मण्डला जिले की पावन मिट्टी ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों पहलवान दिए हैं जिन्होंने मण्डला को सदैव ही गौरवान्वित कराया है।

## आनंद उत्सव में बच्चों को नहीं आनंद-बैठाया धूप में



**मण्डला।** जनपद नारायणगंज अंतर्गत स्कूल ग्राउंड में आनंद उत्सव का आयोजन जनपद पंचायत द्वारा किया गया, लेकिन आयोजन की व्यवस्था पर उठे सवाल, एक ओर अधिकारी और नेताओं के लिए टेंट और छांव की व्यवस्था की गई, तो वहीं दूसरी ओर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे गंदी पट्टी पर धूप में बैठने को मजबूर रहे। उत्सव में बच्चों के लिए कोई उचित बैठने की व्यवस्था नहीं की गई। बच्चे धूप और गर्मी सहते हुए कार्यक्रम में शामिल रहे। पत्रकारों ने इस विषय में बीईओ से जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन किया, लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। क्या शासन के पैसों से जिनके लिये आयोजन किया गया उनको छोड़ केवल अधिकारियों और नेताओं के बैठने की व्यवस्था करना उचित है? छात्र और उनके पालकों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की जाना निदंनीय है। ऐसे आयोजनों के जिम्मेदारों पर प्रशासन क्या कार्यवाही करेगा यह बड़ा प्रश्न है।



## खबर संक्षेप

### आदर्श स्कूल में प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय मे तेजस्वी मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत स्वावलंबी भारत की आधार शिक्षा विघार्थियों उद्यमशील मानसिकता एवं कौशल विकास पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरूक पोस्टरों एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा कक्षा 9 वीं के छात्रों ने प्रस्तुति दी गई। वही कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य एस के मिश्रा एवं समस्त स्टाफ ने प्रदर्शिनी का अवलोकन करते हुये छात्रों से चर्चा की। इस अवसर पर प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि छात्रों मे पढ़ाई के साथ विभिन्न कौशलो का विकास हो इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुए ये आयोजन हुआ है। विदित हो कि कक्षा शिक्षक देवेन्द्र बसेडिया एवं श्रीमती सुलेखा पुरी ने कार्यक्रम तैयार करवाया था।

### हुसनी हुसैनी सोसायटी ने खुशनुमा अंदाज में किया लंगर का आयोजन

**गाडरवारा।** स्थानीय शक्ति चौक पर हसनी हुसैनी सोसायटी द्वारा हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया का जन्म दिन खुशनुमा अंदाज में धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर सोसायटी के युवाओं द्वारा शक्ति चौक पर हजरत बाबा ताज का विशाल तेल चित्र सुंदर सजावट के साथ जियारत के लिए लगाया गया था । वही बताया जाता है कि बाबाजान की शान में जश्न मनाते हुए युवाओ ने जमकर आतिशबाजी करने के साथ केक भी काटा । बाद नमाज मगरिब हसनी हुसैनी सोसायटी के युवाओं बाबा जान के छायाचित्र पर गुलपोसी की गई साथ ही जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब ने न्याज फातिहा के उपरांत अमनो अमान के लिए दुआएं की गई । वही ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से बाबा ताज की शान में कलाम भी गूंजते रहे। सोसायटी द्वारा किये गए आम लंगर में सेकड़ो लोगो ने शिरकत फरमाकर सबाबे दारेन हासिल किया गया। इस तरह देर रात तक लंगर शामिल में होने वाले व जियारत करने वालो का मजमा लगा रहा । कार्यक्रम के समापन पर तबर्रुक तकसीम हुआ। बाबा ताज के जलसे में हसनी हुसैनी सोसायटी के पदाधिकारीयो सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा ।

### फिर खतरा बनने लगे सड़कों पर घूमते आवारा पशु

**गाडरवारा।** नगर की सड़को पर घूमने वाले आवारा पशु निश्चित तौर से नगरवासियों के लिये सिर दर्द बनने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि नगर के प्रमुख चौराहों से लेकर आम रास्तों पर बैठे रहने वाले यह आवारा पशु जहां सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण साबित हो रहे है तो दूसरी ओर नगर के सब्जी बाजार से लेकर दुकानदारों को परेशान करने से नही चूक रहे है। इस प्रकार से सड़को पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर बीते हुये कुछ समय पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर से बाहर करने के लिये मुहिम छेड़ते हुये लोगों की नजरों में वाही वाली लूटने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी च। मगर नगर पालिका प्रशासन की यह मुहिम मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात ही साबित होते हुये जान पड़ रही है। जिसका परिणाम है कि दिन रात सड़को पर डेरा जमाये रहने वाले इन पशुओं के चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है तो रात के समय स्थिति भयानक रूप लेने से इसलिये नही चूक पाती है कि जब अचानक लाईट चली जाती है ।

### बेकारी से तंग आ चुके युवा, आजीविका चलाने शासकीय भूमि देने की उठा रहे मांग

**गाडरवारा।** शहर में शैक्षाणिक संस्थाओं का जाल बिछाने से युवा शिक्षित तो हो रहे है किन्तु उन्हे मिलने वाली डिग्रियॉ नगर में रोजगार के अवसर कम होने से बेमानी साबित हो रही है, उल्लेखनीय है कि शासकीय नौकरियो का टोटा होने से शिक्षित बेरोजगार स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशत हुये भटक रहे हैं पर उन्हे क्षेत्र की फैक्ट्रियो में भी कथित कोटे के अनुसार नौकरियॉ नही मिल पा रही है, इस हालत में उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है, बेकारी से तंग अनेक युवाओं ने बताया कि उनमें काम करने जज्बा, ताकत भी है पर नौकरी न रहने से वे अपने परिवार को आर्थिक सहारा नहीं दे पा रहे है,

# मौनी अमावस्या पर प्रयाग राज में डुबकी लगाने के लिये जाने वालों की भीड़ के चलते रेलवे स्टेशन की बिगड़ी व्यवस्था, ट्रेनों के गेट नहीं खुलने के कारण आक्रोशित लोगों ने ट्रेन के सामने खड़े होकर रोकी ट्रेन








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

सनातन धर्म का प्रमुख उत्सव प्रयागराज त्रिवेणी संगम में वैसे तो प्रत्येक 12 वर्षो के बाद आयोजित होता है। मगर इस वर्ष आयोजित हो रही इस महाकुंभ का धर्म ग्रंथों में विशेष ही महत्व बताया गया है। यह महाकुंभी 144 वर्ष उपरांत आया है जिसके चलते निश्चित ही इस दुनिया में इस समय मौजूद मानव प्राणी के लिये इस तरह के महाकुम्भ का पर्व दो बारा नही मिल पायेगा। वही दूसरी ओर इस महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिये अलग अलग तिथि निर्धारित है इनका महत्व हमारे शास्त्रों में बताया गया है। मगर मौनी अमावस्या के दौरान त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने का जो महत्व बताया गया है इसी का परिणाम है कि प्रयाग राज में करोड़ो की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। इस तरह मौनी अमावस्या मौक पर महाकुंभ प्रयागराज में उमड़ने वाली भीड़ का आज क्या आलम होगा इसकी कल्पना हमारे क्षेत्र की रेल्वे स्टेशनों की स्थिति को देखकर ही लगाया जा सकता है..? महाकुंभ में भक्तों को पहुंचने के लिये केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा अनेक प्रकार की व्यवस्थाये कराते हुये अतिरिक्त रूप से ट्रेने चलाई जा रही है। मगर इस महाउत्सव में शामिल होने के लिये पहुंच रही भीड़ के चलते सरकार द्वारा चलाई जा रही ट्रेनों की स्थिति यह बनी हुई है कि वह अपनी आरंभ होने वाली स्टेशनों से ही इस तरह भर जाती है कि उसमें सबार यात्रियों द्वारा दूसरी स्टेशनों पर गेट तक नही खोले जाते है। इस स्थिति के चलते अन्य स्टेशनों पर हगामें के हालत पैदा होते हुये देखे जाने लगे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के रेलवे स्टेशन पर उस समय देखने मिली जब रेल्वे स्टेशन पर मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर डुबकी लगाने के लिये जाने वाले लोगों की भीड़ इस तरह से खड़े होकर कुम्भ के लिये जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही थी। मगर गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर कुंभ जाने वाली ट्रेन आकर रूक जरूर रही थी मगर उनके अंदर भारी भीड होने के कारण अंदर बैठे हुये यात्रियों द्वारा बोगी के गेट नही खोले जाने के कारण लोग सबार ही नही हो पा रहे थें। इस तरह ट्रेन के बोगी के गेट नही खुलने के चलते नगर के रेलवे स्टेशन पर हर घंटे भीड़ में इजाफा होता जा रहा था। इस तरह जब एक ट्रेन नगर के प्लेट फार्म क्रमांक 1 पर पहुंची और उसके भी गेट नही खुले तो लोगों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुये ट्रेन के सामने पटरियों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया गया और देखते ही देखते स्थिति इस तरह बन गई कि कुम्भ जाने के लिये उत्साहित युवाओं द्वारा बेगी के गेट नही खुलने के चलते जहां खिड़कियों पर पत्थर मारना शुरू कर दिया तो दूसरी ओर बेगी के गेटों पर लाठियों से प्रहार करते हुये देखा गया..? बताया जाता है कि कुम्भ जाने वाले लोगों का जत्था जो नगर के रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का अंतजार कर रहा था मगर उन्हें आसानी से ट्रेनों में सबार होने के लिये नही मिल पाने के चलते जब प्रयागराज यात्रियों द्वारा ट्रेन के सामने पटरियों पर बैठकर ट्रेनो को आगे की ओर काफी समय तक रवाना नही होने दिया। इस तरह नगर से नगर के रेलवे स्टेशन की स्थिति बिगड़ने की सच्चाई के विडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुये तो प्रशासन हैरत में पड़ने से नही चूका। क्योंकि बीते हुये सोमवार की रात नगर के रेलवे स्टेशन की स्थिति इस तरह देखने मिल रही थी कि लोगों की भीड़ के चलते जहां रेल प्रशासन अपनी ट्रेन को आगे की ओर रवाना करने में असमर्थ दिखाई दे रहा था तो दूसरी ओर आरपीएफ के मौजूद चंद जवानों से स्थिति काबू में आते हुये दिखाई नही पड़ रही थी। वही इस मौके पर रेल पुलिस








के दर्शन दुलर्भ होते हुये दिखाई पड़ रहे थें। इस सच्चाई से जब स्थानीय रेल्वे स्टेशन प्रबंधन द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया तो जिसके चलते रेल्वे स्टेशन की बिगड़ती हुई स्थिति को कन्ट्रोल करने के लिये गाडरवारा थाने की पुलिस को भेजा गया। इस तरह नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालते हुये ट्रेन के सामने पटरियों पर बैठकर विरोध करने वाले लोगों को हटवाया गया जब कही ट्रेन आगे की ओर रवाना हो पाई थी। इस तरह मौनी अमावस्या के दौरान महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिये उमड रही भीड़ को ध्यान में रखते हुये रात भर गाडरवारा पुलिस थाने के टीआई विक्रम रजक सहित उनकी पूरी टीम द्वारा पेहरा देते हुये ट्रेनों को रवाना किया गया। इस तरह सोवमार की रात अचानक बिगड़ी हुई नगर के रेलवे स्टेशन की स्थिति को ध्यान में रखते हुये अब रेल प्रशासन पूर्णरूप से अपनी ओर सतर्कता बरते हुये है..? मगर अनुमान है कि आज मौनी अमावस्या सहित आने वाली अन्य तिथियों में इस तरह के हाल बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा इस महाकुंभ में पहुंचने के लिये अच्छी व्यवस्थाये बनाते हुये आने जाने के लिये लोगों को अधिक ट्रेने चलाई जा रही है। मगर जिस तरह से भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है उसके चलते चल रही ट्रेने कम पड़ रही है और लोगों में प्रयाग राज पहुंचकर इस महाकुंभ के दर्शन करने का उत्साह अलग ही देखने मिल रहा है।

# उत्कृष्ट कार्यो के चलते गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक मिश्रा को जिला स्तर पर मिला सम्मान, नगर में भी भास्कर सहित सुरेन्द्र व झा ने भी पुलिस की शाख में लगाये चार चांद







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति पूर्ण वातावरण में जहां तहां बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गाँव से लेकर जिला मुख्यालय तक जगह- जगह गणतंत्र दिवस धूम देखने मिली। जिला स्तर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने झंडा वंदन करने के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गाडरवारा क्षेत्र में पुलिस अधिकारियो सहित अन्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी अपने दायित्वों के निर्वाहन में जिस तरह से उत्कृष्ट कार्य किये जाने के चलते जिले के प्रभारी मंत्री के हाथों से सम्मान प्राप्त करते हुये गाडरवारा तहसील क्षेत्र का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस तरह गाडरवारा क्षेत्र से जिला मुख्यालय पर सम्मानित होने वालों में मुख्य अधिकारियों में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक, एस आई अमित गोटिया, डोगरगांव थाने से ए एस आई सुरेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती ब्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, सांईखेड़ा पटवारी प्रशांत दीक्षित, राजीव चौदहा, तहसील कार्यालय गाडरवारा से पटवारी भगवादास पटैल, पटवारी शैलेष पटैल, सहायक ग्रेड 3 अनुविभागीय कार्यालय से नितिन राजपूत, लोग अभियोजक सर्वेश शर्मा, अपर लोक अभियोजक पवन अग्रवाल के आलवा नगर पालिका गाडरवारा से मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, जयंत ब्राउन शामिल थें। जिन्हें जिले के प्रभारी मंत्री सहित जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक के आलवा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद तेदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोडिया, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामसनेही पाठक सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रकार से गाडरवारा के पुराने कालेज मैदान पर आयोजित गणतंत्र के अवसर पर गाडरवारा पुलिस थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र कौरव, भास्कर कौरव व आरक्षक राकेश झा को भी उनके द्वारा अपने दायित्वों में उल्लेखनीय कार्य किये जाने पर गाडरवारा एसडीएम श्रीमति कलावति व्यारे, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। इस तरह पुलिस विभाग की शाख को जहां जिला स्तर पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तो स्थानीय स्तर पर भास्कर सुरेन्द्र सहित झा द्वारा सम्मान पाते हुये चार चांद लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।



# दिव्यांग महिला ने वैशाखी के सहारे फहराया झंडा, महिला व दिव्यांग सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** रविवार की गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानी माँ विजयासन इंस्टीट्यूट में दिव्यांग आत्मनिर्भर महिला श्रीमति राधा सेन ने वैशाखी के सहारे खड़े होकर झंडा फ़हराते हुये देश की आन वान तिरंगे को सलामी दी गई। ज्ञात हो कि इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर व समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने बताया कि परंपरागत रूप से सामाजिक समरसता व सदभाव के तहत सदैव ही वंचित वर्ग के द्वारा इंस्टीट्यूट में ध्वजारोहण कराया जाता है। विगत वर्षों में कचरा गाड़ी के संचालक, किन्नर समाज के आलवा वन आदिवासी ,सफाई कर्मी, बैंड बाजा पार्टी के बाद अब महिला सशक्तीकरण व दिव्यांग सम्मान के लिए उक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मदिव्यांग श्रीमति राधा सेन ने वैशाखी पर खड़े होकर ध्वजारोहण कर एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया इस दौरान बसेड़िया ने स्वाथ्य शिविरों में निःशुल्क सेवा देने वाली बेटियों के साथ आठ मेधावी छात्राओं , दो आत्मनिर्भर महिलाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आरती ठाकुर ,कीर्ती विश्वकर्मा, आरती कहार, मोना कहार, पूजा कहार, बुशरा खान,नेहा राजपूत , ज्योति कहार के अलावा इंस्टीट्यूट के स्टाफ व बेटियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जघन्य एवं सनसनी खेज मामले में हत्या के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा, शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक त्रिपाठी ने की पैरवी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**




कहा जाता है कि किसी भी अपराध को अंजाम देने वाला आरोपी अपने बचने के लाखों प्रयास कर ले मगर जब मामला विद्यवान न्यायाधीश के समझ पहुचता है तो वहां पर दूध का दूध व पानी का पानी होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये स्थानीय न्यायालय में चतुर्थ अपर सत्र अपर सत्र न्यायाधीश सूरज सिंग राठोड़ ने हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिसमें शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक त्रिपाठी द्वारा तर्क प्रस्तुत करते हुये आरोपियों को सजा दिलाने में अहिम भूमिका निभाई गर्ठ। घटनाक्रम के संबंध में बताया जाता है कि समीपस्थ पुलिस थाना तेन्दूखेड़ा के अंतर्गत फरियादी जगदीश लोधी ने आरक्षी केन्द्र तेन्दूखेड़ा में बीते हुये 26 जून को उसके भाई हनुमत लोधी के गुम होने की सूचना दी थी की उसका भाई 25 जून को ग्राम खुमेरखेड़ा के तिगड्डा में बैठा था। मगर बिना बताये कहीं चला गया जिसका कोई पता नहीं चलागया। इसी आधार पर थाना तेन्दूखेड़ा द्वारा गुम इंसान का मामला पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद जब वह घर पहुंचा तो उसे उसके भतीजे नरेन्द्र ने फोन पर बताया कि हनुमत लोधी की लाश (मृत शरीर) ग्राम खुमेरखेड़ा में ही होरी वाले खेत में पड़ी है। इस तरह गुम हुई व्यक्ति की लाश पाई जाने पर पुलिस द्वारा शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। वही मर्ग जांच में हनुमत लोधी जीवित अवस्था में अंतिम बार राजेन्द्र लोधी के साथ देखा गया था तलाश करने पर राजेन्द्र लोधी नहीं मिला, जिसके आधार पर पर पुलिस द्वारा आरोपी राजेन्द्र लोधी पर हत्या का संदेह व्यक्त किया गया। उक्त मर्ग जांच व जांच कथन के आधार पर पुलिस द्वारा 28 जून 2023 को अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 302,201 भा.द.वि. के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गयी। वही संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरप्ता करते हुये अंतिम प्रतिवेदन मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण में आयी साक्ष्य , पी. एम. रिपोर्ट एवं डी.एन.ए. रिपोर्ट के आधार तथा अपर लोक अभियोजक के तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय ने आरोपी राजेन्द्र लोधी को धारा 302 भा.द.वि. में आजीवन कारावास व 1000/- रु. के अर्थदंड से एवं धारा 201 भा.द.वि. में 3 वर्ष के सश्रम कारावास व 500/-रु. के अर्थदंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने की थी। इस तरह से न्यायालय द्वारा हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास सहित अर्थ दंड की सजा से दंडित किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गाडरवारा थाने में आयोजित किया गया अनुविभागीय स्तर का शिकायत निवारण शिविर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**




आमजन को पुलिस से मदद पहुंचाने की सोच रखते हुये जिस तरह जिले की संवेदनशील पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशानुसार संपूर्ण जिले में जमीन संबंधी, धोखाधड़ी एवं लोन फाइनेंस संबंधी शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही कर शिकायतों के शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर के पुलिस थाना परिसर में अनुविभागीय स्तर के एक विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में मुख्य रूप से उप पुलिस अधीक्षक रतैनश मिश्रा के आलवा गाडरवारा टीआई विक्रम रजक सहित सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक, डोगरगांव पुलिस थाने से एस आई अभयराज ठाकुर, सालीचौका चौकी प्रभारी विजय पटैल व चीचली थाने के पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्र के शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर उपस्थित हुए । इस दौरान मौजूद उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा शिविर में उपस्थित शिकायतकर्ताओं को सुनते हुये उनके द्वारा प्रस्तुत की गई शिकायतों का परीक्षण कर शिकायतो का निराकरण किया गया । वही दूसरी अपने शिकायतों के साथ ही जिन शिकायतों में दस्तावेजों की कमी के कारण अग्रिम जाँच आवश्यक है,उन्हें जाँच में लिया गया है और भरोसा दिलाया गया कि उनका शीघ्र निराकरण किया जायेगा । इस संबंध में बताया गया कि आमजनों की शिकायतों के निवारण हेतु शिविर प्रत्येक माह आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा ने अपनी जानकारी में बताया कि अक्सर देखा जाता है कि लोग थाने में अपनी शिकायते लेकर पहुंच नही पाते है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुविभाग स्तर पर शिविरों का आयोजन करते हुये उनके निराकरण के लिये अभियान चलाया जा रहा है उसी के चलते आज इस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनुविभाग के अंतर्गत सभी थानो के प्रमुख अधिकारी मौजूद है। वही नगर निरीक्षक विक्रम रजक ने बताया कि निश्चित तौर से जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लोगों को लाभ पहुंचाने के लिये यह अच्छी पहले है लोग हमारे सक्षम अधिकारियों की मौजूदगी में अपनी शिकायतों से हम लोगों को अवगत करा रहे है और उप पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन में हम उन शिकायतों का निराकरण कर रहे है।

खबर संक्षेप

## घरेलू उपयोग के एलपीजी सिलेंडरों पर तीन प्रतिष्ठान पर की गई कार्यवाही



**डिंडोरी।** सोमवार को घरेलू उपयोग के एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक रूप से दुरुपयोग किए जाने पर सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम खान, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश तुरकर ने नकुल समोसा भंडार पुरानी डिण्डोरी से 4 नग ,गोलू ढाबा अमरकंटक रोड डिण्डोरी से 3 नग तथा यादव ढाबा जबलपुर रोड डिण्डोरी से 1 नग प्राप्त कर तीनों प्रतिष्ठानों से कुल 8 नग घरेलू उपयोग के लाल रंग के एलपीजी गैस सिलेंडर को जब्त कर डिंडौरी इंडेन गैस एजेंसी की सुपुर्द किया, साथ ही तीनां प्रतिष्ठान स्वामी के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन का प्रकरण तैयार कर जाँच में लिया गया।

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में शान से फहराया तिरंगा

**अनूपपुर।** केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में हर्ष एवं उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया एवं परेड की सलामी ली गयी तथा अमर शहीद क्रांतिकारियों के चित्रों के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों द्वारा मनोहारी देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई कार्यक्रम के अंत में सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री तिवारी ने विद्यार्थिओं को संप्रभुगणराज्य का अर्थ समझाते हुए उनसे अपने अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया। विद्यार्थियों एवं उपथित अभिभावकों के मध्य मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी शिक्षक रामगोपाल प्रजापति द्वारा किया

## मिलेगी पाँच कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की सुविधा

**अनूपपुर।** प्रयाग राज में महाकुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से पाँच कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की सुविधा प्रदान की जा रही है। दुर्ग-कटनी-दुर्ग के मध्य कुल 4 फेरों के लिए दो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। गाड़ी संख्या 08761/08762 दुर्ग-कटनी-दुर्ग कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 31 जनवरी, 05 एवं 28 फरवरी को चलेगी। गाड़ी संख्या 08793/08794 दुर्ग-कटनी-दुर्ग कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 14 फरवरी को चलेगी। इस ट्रेन में 01 एसी-2, 01 एसी-3, 14 स्लीपर, 04 जनरल एवं 02 एसएलआर/आरडी सहित 22 कोच के साथ रहेगी।

## पति की प्रताड़ना से तंग होकर पत्नी ने की थी आत्महत्या

**अनूपपुर।** लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि माननीय सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल की न्यायालय ने दहेज हत्या के आरोपी चंदन चौधरी पिता स्व0 लखनलाल चौधरी निवासी सामतपुर थाना कोतवाली अनूपपुर को 10 वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। आरोपी चंदन चौधरी मृतिका अपनी पत्नी अन्नू चौधरी को विवाह के 01 वर्ष तक अच्छे से रखा फिर उसको दहेज, दहेज में ऑटो एवं पैसे तथा अन्य सामान की अवैध मांग को लेकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताडित करने लगा तथा उसके साथ मारपीट कर उसके चरित्र पर भी संदेह करने लगा जिससे मृतिका अन्नू चौधरी ने प्रताडित होकर 29.05.2022 को आरोपी के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जो उसके विवाह के 04 वर्ष अंदर और अप्राकृतिक मृत्यु थी। अनूपपुर पुलिस द्वारा आरोपी चंदन चौधरी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई ।

# जनसुनवाई में प्राप्त 31 आवेदनों की हुई सुनवाई

**कलेक्टर के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 31 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया।**




डिंडोरी।

जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में शासकीय उ.मा. विद्यालय सरई के विद्यार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय में पदस्थ शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद झारिया को अन्यत्र पदस्थ कराने की मांग की है, उनका कहना है कि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आते नियमित रूप से अध्यापन कार्य नहीं कराते हैं। सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर ने सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को मौके पर जांच कर प्रतिवेदन भेजने व उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। इसी प्रकार से ग्राम उदरी माल के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर हल्का पटवारी दीपक सोलंकी को हटाने की मांग की। राहुल कुमार सैयाम ने प्राथमिक शाला बीजापुरी के विरूद्ध अतिथि शिक्षक भर्ती में अनियमिता बरतने का आरोप लगाया है, उन्होंने अतिथि शिक्षक भर्ती की जांच कराने की मांग की। ग्राम पंचायत कठौतिया के संरपच और ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला कठौतिया के शिक्षक गया प्रसाद साहू के स्थानांतरण कराने की मांग की। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बजाग में पदस्थ भृत्य प्रियंका यादव ने विगत 10 माह का मानदेय भुगतान होने पर भुगतान कराने की मांग की। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

## किसान कांग्रेस कामेटी ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज शहपुरा

किसान कांग्रेस कामेटी डिंडोरी ने अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा के नाम ज्ञापन तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के दौरान पुष्पेंद्र पेन्द्रों एवं नायाब तहसीलदार शैलेश गौर की उपस्थिति में कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौपकर आपत्ति जताई कि राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को मानने हेतु एक बैठक का आयोजन 22 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत शहपुरा में आहूत की गई थी जिसमें पहली बार सदियों की परम्परा को तोड़ते हुय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के किसी भी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को नहीं बुलाया गया तथा 26 जनवरी पावन पर्व पर शहीद स्मारक, गांधी चौक, रानी दुर्गावती स्टेडियम में किसी भी कार्यकर्ता को आमंत्रण न देना राष्ट्रीय पर्व को मानने से कांग्रेस के साथ जो व्यवहार किया गया है उससे सभी कांग्रेस जनों में असंतोष व्याप्त है साथ ही नगर परिषद के द्वारा किसी भी पदाधिकारी को आमंत्रण ना देना गौरवशाली परंपरा को तोड़ना जिससे खेद होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज एक ज्ञापन के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया है अगर भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई की जाती है तो कांग्रेस इस प्रथा के विरुद्ध आंदोलन करेगी साथ ही 26 जनवरी को जो अपमान किया गया है अगर कार्रवाई नहीं की जाती तो कांग्रेस सात दिवस के अंदर ज्ञापन अनुसार आंदोलन करेगी जिसकी जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय राय, जिला संगठन राजेंद्र गुप्ता, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेवा प्रसाद झारिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री कृष्णा उरेती, मीडिया जिला प्रभारी जिला अध्यक्ष संजय दुबे, जिला प्रवक्ता रघुनंदन पांडे, ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष अजय शर्मा ,इकबाल खान संजू रजक फरीद खान ओमकार वरकड़े एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

डिंडोरी।



राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत सोमवार को शहपुरा में साप्ताहिक बाजार के अवसर पर अधिक से अधिक लोगो को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिये थाना यातायात की टीम एवं थाना शहपुरा स्टाफ द्वारा हेलमेट वाहन रैली निकालकर लोगो को हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चलाये जाने का संदेश दिया। इस दौरान जागरूकता रथ एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को एकत्रित कर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी संबंधी पम्पलेट वितरण कर यातायात के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना यातायात से उप निरीक्षक खूब सिंह ठाकुर, एएसआई मनोज खम्परिया, कमलेश अहिरवार सहित थाना शहपुरा का स्टाफ एवं नुक्कड नाटक मण्डली के आल्हा पारस , दुक्खीदास पारस, गुंजा बाई, गोपाल सिंह धुर्वे, अस्सू यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शहपुरा बरगांव निवासी शिवा साहू ने मिस्टर यूनिक मप्र का जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।शहपुरा

अभिनय मंच एक्टिंग अकादमी की और से शनिवार को रूबरू सीजन 3 मिस्टर और मिस यूनिक मध्य प्रदेश का आयोजन कान्हा फन सिटी रिजॉर्ट भोपाल में किया गया, इसमें मध्य प्रदेश के 34 मॉडल्स ने एक साथ मंच पर उतरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में इंदौर, ग्वालियर, सागर, रीवा और भोपाल से 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें दूसरे राउंड के इंटरव्यू को पार कर अपने ग्लैमर और टैलेंट का प्रदर्शन किया। रूबरू सीजन 3 में मिस्टर यूनिक मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले के एक छोटा गांव बरगांव निवासी शिवा साहू ने मिस्टर यूनिक मप्र 2024-25 मिस्टर यूनिक मप्र का जीता खिताब। अभिनय मंच द्वारा विनर्स को म्यूजिक वीडियो शॉर्ट फिल्म वा एड्स में काम करने का मौका दिया जाएगा ।शिवा साहू ने शहपुरा व जिले का नाम रोशन किया है।

## संपूर्ण डिंडौरी जिला जल आभाव ग्रस्त घोषित, 1 फरवरी से नलकूप खनन और सिंचाई गतिविधियां प्रतिबंधित

**संपूर्ण जिले को 01 फरवरी 2025 से 30 जून 2025 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश जारी**

डिंडोरी।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डिण्डौरी की प्रतिवेदन के आधार पर जिले में अल्प वर्षा होने के कारण ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने की संभावना होने पर अल्प वर्षा को देखते हुये, जिले में पेयजल सुरक्षित रखने की अभिप्राय से मध्यप्रदेश अधिनियम 2002 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग में लाते हुये संपूर्ण जिले को कलेक्टर डिंडोरी ने जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किये जाने का आदेश जारी किया है।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 01 फरवरी 2025 से 30 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा**

डिण्डौरी जिले के क्षेत्रांतर्गत समस्त सार्वजनिक जल स्त्रोतों से पानी का उपयोग पेयजल दैनिक उपयोग के निस्तार के अतिरिक्त अन्य प्रयोजनों जैसे सिंचाई एवं निर्माण कार्यों तथा व्यवसायिक गतिविधियों के लिये पानी लेना या विद्युत डीजल से लिफ्ट करना वर्जित रहेगा। निजी नलकूप एवं हैंडपम्प खनन पर प्रतिबंध रहेगा। नलकूप हैंडपंप खनन हेतु आवश्यकतानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुशंसानुसार नलकूप हैंडपंप खनन की अनुमति देंगे।

## मेंहदवानी स्टेडियम में हुआ आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

मुख्यालय मेंहदवानी के स्टेडियम में सोमवार को जनपद पंचायत मेंहदवानी की ओर से आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला पुरूषों,दिव्यांगों एवं बुजुर्गों की विशेष सहभागिता रही। आनंद उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। आनंद उत्सव में प्रतिस्पर्धा नहीं सहभागिता की भावना से आयोजित कार्यक्रम में कबड्डी, वालीबाल, खो-खो, रस्साकसी एवं जलेबी दौड़ का आनंद लिया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, जनपद सदस्य आनंदराम साहू,भाजपा नेता बद्री प्रसाद साहू, दुर्गेश साहू, मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार ओझा,खंड पंचायत अधिकारी के एल झारिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। आनंद उत्सव कार्यक्रम में आयोजित खेलों की पल पल की जानकारी शिक्षक मुकेश साहू के द्वारा मंच संचालन के दौरान दी जा रही थी।

## महाविद्यालयीन छात्रों को मतदाता जागरूकता का दिया गया संदेश



हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख संदीप सिंह के मार्गदर्शन में मतदान शपथ आयोजित किया गया। एनएनएस प्रभारी रूपेंद्र वरकड़े के निर्देशन में देव प्रकाश उईके, डॉ. सीमा सस्त्या, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, कैलाश लखेरा, जयदीप दुबे, डॉ. दीपक सिंगरौल, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. स्वर्णिम पटेल, प्रदीप कहार, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. प्रियंका दहिया, दीपचंद गुप्ता, सहज सिंह मरावी, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे, एनएनएस स्वयंसेवक एवं छात्र - छात्राओं ने शपथ ली। डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. सीमा सस्त्या, रूपेन्द्र वरकड़े द्वारा उपस्थित सभी को मतदान करने छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया। मतदान केवल अधिकार नहीं हैं, हर नागरिक का कर्त्तव्य हैं। मताधिकार का प्रयोग कर अपने देश के नेतृत्व को चुनने में हर एक वोट के महत्व को समझाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

## यातायात पुलिस एवं पुलिस चौकी अमरपुर द्वारा आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 1 जनवरी 25 से 31 जनवरी 25 तक चलाई जा रही सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान में मंगलवार को अमरपुर हाट बाजार में यातायात पुलिस एवं पुलिस चौकी अमरपुर द्वारा विशेष जागरूकता अभियान के दौरान आमजन को पंपलेट वितरण, वाहनों में स्टीकर लगाना एवं हेलमेट सीट बेल्ट लगाने हेतु उद्बोधन देकर यातायात नियमों का पालन किया जाने हेतु अपील की गई एवं हेलमेट व सीट बेल्ट न लगने से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाईस दी गई। साथ ही लोगों को समझाईस दी गई कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज रफ्तार वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने में होती हैं।



## गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी



विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी सहित समूचे क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास और गरिमापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मेंहदवानी में सरपंच श्रीमती श्यामा भवेदी, जनपद पंचायत प्रांगण में जनपद अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, पुलिस थाना मेंहदवानी में थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे,वन परिक्षेत्र कार्यालय मेंहदवानी में रेंजर मनीष पटैल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में बीएमओ डॉ चन्द्रशेखर धुर्वे, उत्कृष्ट विद्यालय मेंहदवानी में बीईओ व प्राचार्य एच एस मसराम,उप तहसील कार्यालय मेंहदवानी में नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया। स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। उप तहसील कार्यालय प्रांगण मेंहदवानी में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया जहां परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी सहित स्कूली छात्र छात्राएं और अविभावक गण मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका द्वारा परमहंस कालेज ग्राउंड का अवलोकन की कार्यक्रम की जानकारी ली। ज्ञात हो कि 3 फरवरी को इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रकु शिवानी दीदी का भाग्य की कलम आपके हाथ कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है उसकी तैयारियों का जायजा लिया गया। ब्रह्माकुमारी प्रति एवं मुकेश भाई द्वारा कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

### एकलव्य विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर की शैक्षणिक संस्था एकलव्य विद्यापीठ हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव बच्चों द्वारा प्रस्तुत एकल, युगल, समूह लोक शैली नृत्य, देशभक्ति गीतों, नृत्य नाटिका एवं वक्ताओं के ओजस्वी उद्बोधनों के साथ संपन्न हुआ। संस्था के संस्थापक एवं सचिव महेश नेमा ने सतत 30 वर्षों से संचालित संस्था एकलव्य विद्यापीठ की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और संस्कार युक्त शिक्षा का भी केंद्र है। समारोह को मुख्य अतिथि डॉ सतीश दुबे, अध्यक्षता परितोष दुबे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, गायत्री शक्तिपीठ के प्रेमचंद शाक्य, मनोज सोनी, प्रोफेसर राघवेंद्र तथा यशवंत पटेल ने भी अपने संबोधन में विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रशंसा की।

**अलग-अलग मांगों को लेकर किसानों ने दिया आवेदन**

# गन्ने के उचित दाम दिलाने की मांग

### किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला कृषि प्रधान है और जिले की पूरी अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है वही सरकार द्वारा किसानों को बढ़ाने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे है। लेकिन किसानों की समस्या कम होने का नाम नही ले रही है। वही किसान अपनी मांगो के लेकर किसानों द्वारा कलेक्टर के नाम आवेदन देकर अपनी समस्या सुनाई। अब देखना होगा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं का निदान कब तक कराया जाता है। किसानों द्वारा अपनी मांगो को लेकर अलग अलग आवेदन दिये गये जिसमे अपनी पीड़ा जाहिर की गई है।





### रिकवरी के आधार पर मिल गन्ने के दाम

ग्राम लुहारी निवासी किसान ऋषिराज पटेल द्वारा कलेक्टर के नाम दिये गये आवेदन मे बताया गया है कि जिले के किसानों द्वारा रिकवरी के आधार पर गन्ने के दाम नही मिल रहे है। रिकवरी चैक कराने के लिये जिला प्रशासन से अनेको बार ज्ञापन देकर मांग की गई लेकिन रिकवरी के आधार पर गन्ने के दाम नही दिये जा रहे और ना ही रिकवरी की जांं की जा रही है। गन्ने की शुगर रिकवरी टेस्ट न करवाने के कारण हमें गन्ने का उचित और वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है, परिणाम स्वरूप जिले में संचालित हो रही शुगर मिलें और गुड़ भट्ठियां मन माने ढंग से ओने पोने दामों पर हम किसानों का गन्ना क्रय कर रहे हैं, साथ ही न ही इस वर्ष जिला प्रशासन एवं जिले में स्थित गन्ना आयोग द्वारा शुगर मिलों ओर गुड़ भट्टियों के तोल कांटे चेक किए हैं जिसमें भारी गड़बड़ी की संभावना हैं, जिसके कारण हमें भारी आर्थिक क्षति हो रही है।

### गन्ने की बकाया राशि दिलाने की मांग

कलेक्टर के नाम दिये गये आवेदन मे नेक सिंह एवं प्रेम सिंह लोधी निवासी ग्राम लुहारी द्वारा बताया गया कि गन्ने की फसल को आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज को 6 ट्राली गन्ना दिया गया था, जिसका भुगतान का मूल्य 132358 रुपए हो रहा था जिसका भुगतान मुझे उसी वर्ष 20 हजार रूपये छोड़कर कर दिया गया था। किंतु शेष रह गई 20 हजार रुपए की राशि का आज दिनांक तक 3 वर्ष के बाद भी मुझे मेरा 20000 रुपए का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, मेरे द्वारा 2023 को थाना ठेमी में 17 किसानों के साथ मिलकर मिल मालिक के विरुद्ध एफ आई आर भी दर्ज कराई गई है जिस पर एसआईटी गठित है किंतु आज दिनांक तक मुझे अपनी 20000 की राशि नहीं प्राप्त हुई है, न ही मिल मालिक पर कोई उचित कार्यवाही हुई है। किसान द्वारा बकाया भुगतान दिलाये जाने की मांग की गई है।

### जंगली जीवों से फसलों को हो रहा नुकसान

कलेक्टर के नाम दिये गये तीसरे आवेदन में ग्राम नकटुआ निवासी किसान अजय कुमार ताम्रकार, संजय कुमार द्वारा बताया गया है कि जंगली जीवों तथा आवारा मवेशियों द्वारा खेतों मे लगी फसल को क्षति पहुंचाई जा रही है। बीते दिनों लगभग 5 एकड़ में गन्ना की फसल लगी हुई थी जो कि जंगली सुअरों व आवारा मवेशियों और प्राकृतिक आपदा से 50 प्रतिशत नष्ट, वरवाद व खराब हो गई थी और सूख गई है किसानो द्वारा मांग की गई है कि जंगली जीव व आवारा मवेशियों द्वारा किये गये नुकसान का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति दिलाई जावे। जिससे किसानों के आर्थिक मदद मिल सके। वही किसान भागवती बाई लोधी द्वारा आर आर एग्रो कंपनी द्वारा गन्ने का भुगतान ना किये जाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रशासन को चाहिये कि किसानों की समस्याओं की अति शीघ्र निदान कर किसानों को राहत दिलाये जिससे उन्हे आर्थिक रूप से संकट ना हो।

### सृजन महोत्सव का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस रोशन धोरेलिया वल्ड स्कूल में गणतंत्र दिवस पर सृजन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विविध प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान के मॉडल को देखकर अतिथियों ने प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती संध्या कोठारी, और विशिष्ट अतिथि श्रीमती विवेक पांडे, ज्योति चैहान, रोटरी क्लब अध्यक्ष नरसिंहपुर सुमित जयसवाल रहे। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत बैंड प्रस्तुति के साथ किया गया तथा स्कूल के चेयरमैन इंजीनियर प्रसून धौरेलिया और डायरेक्टर श्रीमती इंजीनियर सोनाली धौरेलिया ने अतिथियों का स्वागत पौधे देकर किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्या श्रीमती शीतल सिंह परिहार ने अपने स्कूल की सफलताओं के बारे अतिथियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के सभी मेधावी छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण किया गया। सृजन महोत्सव में छात्र छात्राओं द्वारा सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, हिंदी, संस्कृत, कंप्यूटर, म्यूजिक, फिजिकल एजुकेशन आदि विषयों पर विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए गए। जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र इंडिया गेट, कारगिल पर्वत, चंद्रयान, दादा महाराज मंदिर, संस्कृत पाठशाला और मातृभाषा मंच रहे। साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा मॉडल की विस्तृत जानकारी अतिथियों को प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन में सभी सम्माननीय अतिथियों ने स्कूल के छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### सात दिवसीय रासेयो शिविर का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्च.मा.विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सिवनी (बंधा) में संस्था प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दिनांक 27 से 02 फरवरी तक संचालित किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस में शिविर का उद्घाटन मां सरस्वती जी व स्वामी विवेकानंद के पूजन वंदन से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में सरपंच नब्बूलाल ठाकुर, प्रधान पाठक जमना ठाकुर, संजय गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, योगेश सिंगोतिया की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरपंच नब्बूलाल ठाकुर के द्वारा स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता द्वारा एनएसएस शिविर के बारे में विस्तार जानकारी दी गई तथा दिनचर्या के बारे में जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया गया। विकास गुप्ता के द्वारा लक्ष्य जीत गाया गया। कृष्ण कुमार ठाकुर के द्वारा मंच संचालन किया गया। शिविर में यश गुप्ता, धर्मेश ठाकुर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। विद्यालय के अतिरिक्त समय में शिविर में ओंकार गिर गोस्वामी, विकास गुप्ता विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। शिविर में दलनायक सुरेंद्र ठाकुर, स्वयंसेवक मनीष ठाकुर, देव राजपूत, रुपेश गोस्वामी, देवेंद्र यादव, कृष्णा सोनी सहित अन्य स्वयंसेवक शिविर में सहभागिता कर रहे हैं।

### गणतंत्र दिवस पर हुआ गरिमामय आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** 26 जनवरी को 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के मार्गदर्शक पं. मैथिलीशरण तिवारी के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि गणतंत्र दिवस को भारतीय नागरिकों को संवैधानिक स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। इससे पूर्व प्रातः 07:30 बजे पं. तिवारी ने ध्वजारोहण करते हुए एन.सी.सी. दल की सलामी ली। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि एवं संस्था परिवार ने अपनी विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं शैक्षणोत्तर उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. गर्ग ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के चेयरमेन इंजी. रुद्रेश तिवारी जी की ओर से भी समस्त महाविद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा समुधुर गायन एवं सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय में संचालित एन.सी.सी. कम्पनी के छात्र दल को अण्डर ऑफीसर हर्ष सेन के नेतृत्व में जिला गणतंत्र दिवस समारोह परेड में प्रथम पुरूस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया।

# नर्मदा के तट स्वयं तीर्थ और मठ हैं



**तेंदूखेड़ा।** भारत भूमि को देवधरा का देश कहा जाता है। देवशक्तियां ही हमें संक्रमण आपदाओं से बचाते हैं। हमारे देश के नदियों को मां के रूप में माना जाता है। जिसमें गंगा यमुना जमुना सरस्वती गोदावरी कावेरी तथा नर्मदा प्रमुख रुप से शामिल हैं। मां नर्मदा साक्षात भगवती का स्वरूप है।इसका जितना भी वर्णन किया जाये वह कम है।जिस तरह से नदी में मिलने वाला हर कंकड़ शिव का रुप माना जाता है उसी तरह से नर्मदा का प्रत्येक तट तीर्थ है मठ हैं। तीर्थों की जननी मां नर्मदा ही है। इनकी परिक्रमा ही होती है और इनके दर्शन मात्र से लोगों के मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। वैज्ञानिक शोध करने में लगे हुए हैं और सबसे बड़ा उदाहरण तो मैं स्वयं खड़ा हूं कि मां के एक गिलास जल से आज चल रहा हूं। और अब तो वह भी नहीं केवल और केवल इनकी परिक्रमा और हवा के बलबूते पर सबके बीच में बैठा हूं।उक्ताशय के विचार विशाल काफिले के साथ नर्मदा परिक्रमा कर रहे दादा गुरु जी के द्वारा नरसिंहपुर जिले की सीमा में पहले पड़ाव नर्मदा के पावन तट बिल्थारी घाट में व्यक्त किए। लगभग 500 से अधिक परिक्रमा वासियों के साथ प्रतिदिन 30 किमी पैदल यात्रा कर रहे दादा गुरु का काफिला भी स्वयं किसी तीर्थ से कम नहीं है जहां एक साथ मां नर्मदा का पूजन अर्चन सत्संग भजन कीर्तन और प्रसादी ग्रहण करने का अवसर लोगों को मिल रहा है।

### धरा और धेनु को बचा लो

दादा गुरु ने कहा कि धरा और धेनु को बचाने के लिए स्वयं भगवान ने जन्म लिया। सबसे बड़ा विडम्बना का विषय यह बना हुआ है कि अधिक लाभ और उपज के चक्कर में धरती को विषैला बना रहे हैं। लेकिन ऐवरेज वही आ रहा है कि जिस जहर के बीच फसलों का उत्पादन कर रहे हैं उसी अन्न को खाने से हम बीमार हो रहे हैं।उतनी राशि अस्पताल में



जाकर दे रहे हैं। कैंसर जैसी घातक बीमारियों से जूझ रहे हैं। पहले गोली मारकर लोगों को मारते थे अब गोली खाकर मर रहें हैं। धरती मां को जहर से मुक्त करना होगा। आजकल तो आग लगाना भी शुरू हो गया है। हमारी धरती मां को हम जहर और आग लगाकर मार रहें हैं तो हम सुखी कहां से रह पायेंगे।यही हाल गौ माता का है जिस गौ माता के गोबर से घर में पवित्रता आती थी स्वयं देव शुभ कार्य में आते थे लेकिन अब गोबर से घर गंदे लगने लगे तो देव शक्तियां कहां से आयेंगी।गौ के दूध से शरीर हष्ट-पुष्ट हुआ करता था आज गाय पालना एक समस्या बन गई है।लोग किस तरह से उस माता का तृस्कार कर रहे हैं। इसलिए तो घरों में सुख शांति और समृद्धि नहीं आ पा रही है।

### नर्मदा को गंदगी से मुक्त करो

सनातन की सामर्थ धर्म और संस्कृति तटों पर ही जन्म लेती है। इन तटों पर को हरा भरा बनाने की जरूरत है। नर्मदा जी का प्रकटोत्सव पर्व आ रहा है। श्रद्धालु बड़ी तन्मयता के साथ चुनरी यात्रा निकालेंगे दीपदान करने पहुंचेंगे लेकिन कचड़े से बने दोनों पत्तलों में दीप जलाकर जल प्रवाहित करेंगे। तटों पर दोना पत्तल छोड़कर गंदगी करेंगे इस गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे।संभव हो सके तो भोजन पंगतो भंडारों में इन प्लास्टिक के दोना पत्तल गिलासों में परोसना बंद कर दो इनमें में भोजन करने से ही हमारे विचारों में विकृतियां आ रही है।आज लोगों के चेहरों से मुस्कुराहट बंद हो गई है तालियां बजाना बंद हो गया है।एकाकी जीवन जीने की राह पर चलने लगे हैं।पहले बुजुर्ग सभी को साथ में लेकर साथ साथ चलते गांवों में त्योहारों को मिलकर मनाते थे खुशहाल रहते थे एक दूसरे के का आते थे और अब इसका विपरीत हो रहा है।

# कमोद से सिमरी बड़ी पहुंच मार्ग हुआ बदहाल, मुश्किल हुआ आवागमन



**गोटेगांव।** नजदीकी ग्राम कमोद से सिमरीबड़ी पहुंच मार्ग के परखच्चे उड़ रहे हैं। इस मार्ग की कुल लम्बाई 4.64 किलोमीटर है, जिसकी कार्य अवधि आरंभ होने की तिथि और डामरीकरण का कार्य 1 फरवरी 2021 है। वहीं इस मार्ग की पूर्ण होने की अवधि 31 जनवरी 2026 है। मार्ग का निर्माण कार्य ठेकेदार मै.मदनलाल एवं पाटनर्स राजनंद गांव छत्तीसगढ़ तथा पीएमजीएसवाइ विभाग द्वारा कराया गया है। लेकिन जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के कारण सड़क दिनोंदिन बदहाल होती ही जा रही है। इस मार्ग पर यत्र-तत्र बड़े गड्ढे बन आए हैं। इसी के साथ सड़क के दोनों छोर की साइड सोल्डर भी अतिक्रमण के कारण अवैध कब्जे में है। इससे सिमरीबड़ी पहुंच मार्ग की चौड़ाई काफी कम पड़ रही है। ऐसी स्थिति में चार पहिया वाहन चालकों को आवागमन के दौरान कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस मार्ग पर यमना नाला पर बने रेलिंग विहीन पुल भी यातायात सुरक्षा की दृष्टि से खतरे से खाली नहीं है। इसका स्लैब भी टूट-फूट रहा है। इस कारण पुल पर भी बड़े-बड़े गड्ढे बन आए हैं। गांव आंखीबाड़ा तिराहा के निकट बनी पुलिया पर वर्षों से साइड सोल्डर भी टूटा पड़ा है। जिसका समय पर कोई जीर्णोद्धार कार्य नहीं हो पाने की स्थिति में इसका कटाव दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। इससे यहां खाईनुमा स्थिति बन गई है। इस मार्ग को सुधार कराने के लिए कमोद, रहली, आंखीबाड़ा, बम्हनी, अकोला, उमरा, ठेमी सहित चरगुवां सहित अन्य गांव के लोगों ने विभाग से जल्द सुधार की मांग की है। ताकि किसी अनहोनी से लोगों को बचाया जा सके।

# बरहटा के टोन घाट व पांडव मठ को सहेजने में बरती जा रही कोताही



**गोटेगांव -** गोटेगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम बरहटा में शेढ़ नदी का टोन घाट व नौनिया में स्थित पांडव मठ को पर्यटन की दृष्टि से सहेजने-संवारने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं हो रहे हैं। यहां इको टूरिज्म के तहत कुछ वर्षो पूर्व टोन घाट तक सीसी रोड, शेढ़ नदी का सौंदर्य निहारने के लिए ऊपरी हिस्से में रैलिंग लगाकर शेड-बेंच तो बनाए गए लेकिन यहां अन्य जरूरी सुविधाओं की पूर्ति अब तक नहीं हो सकी है,बरहटा से टोनघाट का रास्ता करीब 2 किमी लंबा है जो घने जंगल के बीच से है। यहां सुविधाओं की कमी के बाद भी विशेष अवसरों और छुट्टियों के वक्त कई स्थानों से लोग पहुंचते हैं। जबकि पांडव मठ गांव के बीचोंबीच है बरहटा गांव की प्राचीनता के कई ऐतिहासिक साक्ष्य हैं और जिले के गजेटियर में भी यहां की महत्वता को रेखांकित किया गया है। नौनिया गांव के पांडव मठ में लगीं प्राचीन मूर्तियां अपने वैभव को दर्शा रही हैं। यहां लगे बोर्ड में उल्लेख है कि पांडव मठ के नाम से ज्ञात यह स्थल जैन धर्म से संबंधित है। इस सरंचना का निर्माण जैन तीर्थंकरो की प्रतिमाओं को सुरक्षित करने की दृष्टि से किया गया है। मंदिर के छत एवं शिखर विहीन गर्भगृह में पार्श्वनाथ सहित चार तीर्थकर प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। प्रदक्षिणा पथ में भी जैन तीर्थंकरो की प्रतिमाएं हैं। प्रवेश द्वार से प्रदक्षिणा पथ में महावीर, ऋषभनाथ एवं चन्द्रप्रभु की प्रतिमाएं रखीं हैं। ये सभी प्रतिमाएं 10-11 वीं शती ई. की है। वहीं टोनघाट व पांडव मठ को यदि शासन-प्रशासन पर्यटन की दृष्टि से संवारेगा तो इस क्षेत्र में बाहर से सैलानियों की आवक बढ़ेगी। जिससे ग्रामीण आबादी को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। ग्रामीण कहते हैं कि ईको टूरिज्म के तहत करीब 30 लाख रूपए की राशि टोनघाट के लिए आई थी। जिससे जो भी कार्य हुए उनमें गुणवत्ता की कमी रही। यहां कुछ अस्थाई प्रसाधन गृह तो रखवा दिए लेकिन पानी की कोई व्यवस्था नहीं हैं, यहां बिजली की व्यवस्था होना थी लेकिन नहीं हुई। सीसी रोड बनाने भी घटिया सीमेंट लगाया गया था। पूर्व में वन विभाग ने यहा नाका लगाया था ताकि आने वाले लोग वन को नुकसान न पहुंचाए और निगरानी हो लेकिन वह भी बंद हो गया।

# श्री देव मुरलीधर विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**गोटेगांव।** शैक्षणिक संस्था शिशु बाल मंदिर एवं श्री देव मुरलीधर विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ डॉक्टर गौतम भद्र एवं सिंघई अनिल जैन (वरिष्ठ मार्गदर्शक) के मुख्य आतिथ्य में कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत सह सचिव आनंद अग्रवाल विनोद तिवारी दिनेश खजांची कमलेश पाठक संदीप जैन गोविंद पटेल की विशिष्ट आतिथ्य में एवं बाल शिक्षा समिति अध्यक्ष सिंघई पंकज जैन की अध्यक्षता में प्रातः 9:00 बजे से आयोजित किया गया सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण मुख्य अतिथि के कर कमलों से किया गया तत्पश्चात एनसीसी कैडेट द्वारा मार्च पास्ट एवं सलामी दी गई। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा हिंदी अंग्रेजी संस्कृत में भाषण गीत प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य शिव शंकर पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव जिसमें प्रथम दिवस 25 जनवरी को वार्षिक शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का फाइनल प्रदर्शन मुख्य अतिथि श्री जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री एवं सिंघई पंकज जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें प्राइमरी, मिडिल, हाई/हायर सेकेंडरी स्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा दौड़ बाधा दौड़ कुर्सी दौड़ गोला फेंक चकती फेक का प्रदर्शन किया एवं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। खेल गतिविधियों का समापन सचिव बी डी सोनी द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया। द्वितीय दिवस राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की सांध्य बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन श्रीमती नंदिता गौतम भद्र जी के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती पूजन संस्थापक श्रध्येय डॉक्टर रंजीत दत्त जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलन किया गया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के



प्रथम चरण में शिशु बाल मंदिर दानागंज के नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति लगभग 170 प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं द्वितीय चरण में प्राइमरी मिडिल के 100 विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आधारित नृत्य का मंचन कर उपस्थित गणमान्य नागरिकों का मनमोह लिया तृतीय चरण में हाई/ हायर सेकेंडरी के लगभग 100 विद्यार्थियों द्वारा पंजाबी राजस्थानी गरबा आदिवासी जैसे अनेक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर मंच के माध्यम से राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर चयनित 14 खेल प्रतिभागियों का सम्मान ट्रैकसूट स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर बाल शिक्षा समिति द्वारा उन्हें प्रोत्साहित किया गया। समस्त गतिविधियों के आयोजन का कुशल संचालन उपप्राचार्य संदीप कुमार जैन प्रधान पाठक संदीप वर्मा प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा प्रधान पाठक कमलेश नामदेव द्वारा किया गया। मंच संचालन में शिशु बाल मंदिर दाना गंज से रितु दीक्षित, अर्चना जैन एवं श्री देव मुरलीधर विद्यालय से मंच संचालन अनिमा जैन एवं सपना दुबे द्वारा किया गया। एनसीसी कैडेट द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की अनुशासनात्मक व्यवस्था की गई जिसमें पूर्ण रूप से विद्यालय पीटीआई उमाकांत सिंह राजपूत एवं राहुल नामदेव द्वारा विशेष सहयोग रहा इसके साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपना पूर्ण सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। समारोह के सफल आयोजन के लिए कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया एवं कहा की आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। एवं एवं नगर से आए हुए सभी गणमान्य जनों का और अतिथियों का सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### नगर पालिका परिषद में शान से लहराया तिरंगा झंडा



**गोटेगाँव-** विगत दिवस नगर पालिका कार्यालय में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर ने तिरंगा फहरा कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया और देश के प्रति उनकी योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र नागेश,सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे एवं नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। श्रीमती ठाकुर ने उपस्थित सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और नगर के विकास में सभी से सहयोग की अपील की।यह आयोजन पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ।